दिन—सोमवार दिनांक— 16/06/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— अपराह्न 02:00 बजे से। अवधिः— 05 मिनट

---

केंद्र सरकार ने स्वतंत्र भारत की आठवीं जनगणना कराये जाने की गजट अधिसूचना जारी कर दी है। गृह मंत्रालय से जारी अधिसूचना के अनुसार जनगणना दो चरणों में कराई जायेगी। जनगणना का पहला चरण एक अक्टूबर दो हजार छब्बीस से शुरू होगा। इसके तहत केंद्रशासित प्रदेश लद्दाख, जम्मू कश्मीर के बर्फीले इलाकों तथा हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में जनगणना कराई जायेगी। देश के अन्य भागों में जनगणना का दूसरा चरण पहली मार्च दो हजार सत्ताईस से शुरू होगा। अधिसूचना के अनुसार पहली बार जनगणना मे जाति गणना को भी शामिल किया गया है। गौरतलब है कि हाल ही में केन्द्रीय कैबिनेट ने जाति आधारित गणना को मंजूरी दी थी।

———————————————————————————

गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि एनडीएमए, एनडीआरएफ, जैसे आपदा प्रतिक्रिया बलों ने अपनी उपलब्धियों से भारत को आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में वैश्विक लीडर बनने के करीब ला दिया है। श्री शाह ने दिल्ली में राज्यों के राहत आयुक्तों और आपदा प्रतिक्रिया बलों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे आपदा मोचन बलों ने जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग के कारण उत्पन्न आपदाओं से निपटने की पुख्ता तैयारी की है। उन्होंने कहा कि आपदा के समय त्वरित कार्रवाई कर हमारे बलों ने कई लोगों की जान बचाई है और प्रभावित लोगों को तुरंत राहत पहुंचाई है।

———————————————————————————

केन्द्रीय पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्वानंद सोनोवाल ने कहा है कि बिहार को आंतरिक जलवाह केन्द्र के रूप में विकसित किया जायेगा। पटना में गंगा नदी में जल परिवहन और वाटर मेट्रो के विकास को लेकर आयोजित एक कार्यशाला को संबोधित करते हुए श्री सोनोवाल ने कहा कि छह हजार करोड़ रूपये से अधिक की राशि से राष्ट्रीय जल मार्गों के विकास के लिए महत्त्वपूर्ण कार्य किए जा रहे है। उन्होंने

कहा कि राज्य में गंगा नदी से जुड़ी विभिन्न परियोजनाओं को शीघ्र पूरा कर वाराणसी से हल्दिया तक जल परिवहन मार्ग का उन्नयन किया जायेगा। इससे व्यापारियों को लाभ होगा और रोजगार के अवसर भी बढेंगे।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज मीठापुर–महुली एलिवेटेड रोड का उद्घाटन किया। इस सड़क के निर्माण पर ग्यारह सौ पांच करोड़ रूपये की लागत आयी है। इस सड़क के चालू हो जाने से दक्षिण बिहार के विभिन्न हिस्सों में आना–जाना आसान हो गया है। इसके साथ ही सिपारा से लेकर पुनपुन तक बसी आबादी को जाम की समस्या से राहत मिल गई है। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा तथा पथ निर्माण मंत्री नितिन नबीन के साथ–साथ स्थानीय सांसद मीसा भारती और रविशंकर प्रसाद भी उपस्थित थे।

---

राज्य के विभिन्न भागों में मॉनसूनी गतिविधियां तेज हो गईं है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार सीतामढ़ी, मधुबनी, दरभंगा, सुपौल, अररिया समेत राज्य के उत्तर–मध्य और उत्तर–पूर्व भागों में कई स्थानों पर हल्की वर्षा दर्ज की गई है। इधर, राजधानी पटना और आसपास के इलाकों में भी हल्की बूंदाबांदी हुई है। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले दो दिनों के दौरान राज्य के अधिकांश भागों में मॉनसूनी वर्षा शुरू होने की संभावना है। इस दौरान पश्चिमी चंपारण, पूर्वी चंपारण, सीतामढ़ी, गोपालगंज, सीवान, समस्तीपुर, वैशाली समेत विभिन्न जिलों में भारी बारिश की आशंका को लेकर विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

---

शेखपुरा की जिला अदालत ने एक व्यक्ति के दोनों हाथ निर्ममता से काट कर उसे उपंग बना देने के मामले में सदर प्रखंड के कारे गांव के ग्यारह दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय ने दोषियों पर पचास हजार रूपये तक का अर्थदंड भी लगाया है।

---

रोहतास जिला मुख्यालय सासाराम के शेरशाह मकबरा परिसर के पास पुलिस ने एक बैग से रक्त के बारह यूनिट बरामद किए हैं। बरामद खून के बैग को सदर अस्पताल के ब्लड बैंक में जमा कर दिया गया है।

---

अररिया जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में अभियान चलाकर पुलिस ने विभिन्न मामलों में वांछित सैंतीस अपराधियों को गिरफ्तार किया है।

---

समाप्त